## पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल द्वारा पुलिस कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गई, फरियादियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण के दिए निर्देश।

आज दिनांक- 25.12.2024 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल द्वारा जनपदवासियों को उनकी समस्याओं के निस्तारण व उनको त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गयी।

पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा जनसुनवाई को अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी बनाते हुये पीड़ितों से एक-एक करके उनकी समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना गया है। जनसुनवाई के दौरान जो भी फरियादी अपनी शिकायत/समस्याओं के समाधान की उम्मीद के साथ पुलिस अधीक्षक महोबा के समक्ष आये थे उन सभी की समस्याओं को सुनकर उनका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किये/कराये जाने का आश्वासन दिया गया।

पुलिस अधीक्षक द्वारा प्राप्त हुई शिकायत के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किये जाने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं।






प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 25.12.2024

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा


## मिशन शक्ति अभियान फेज-5.0 के अन्तर्गत महिला सशक्तिकरण हेतु विशेष अभियान के अंतर्गत जनपदीय मिशन शक्ति पुलिस टीम द्वारा थानाक्षेत्र में भ्रमण कर बालिकाओं एवं महिलाओं को उनके अधिकारों के विषय में किया गया जागरुक-

शासन की मंशा के अनुरूप महिलाओं एवं बालिकाओं को स्वावलंबी, सशक्त बनाने और सुरक्षित माहौल प्रदान करने तथा उनके अधिकारों के सम्बंध में उनको जागरूक करने व उनके साथ घटित होने वाले अपराधों पर प्रभावी रोकथाम तथा उनमें सुरक्षा/आत्मविश्वास की भावना जागृत करने के उद्देश्य से समग्र अभियान ''मिशन शक्ति फेज-5.0 अभियान'' चलाया जा रहा है।

इसी क्रम में जनपद महोबा में पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल के निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक, श्रीमती वन्दना सिंह के निकट पर्यवेक्षण में आज दिनांक- 25.12.2024 को नारी सुरक्षा/नारी सम्मान/नारी स्वावलंबन के प्रति जनपद के समस्त थानों की शक्ति दीदी/महिला बीट आरक्षियों/एण्टीरोमियों टीम द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रान्तर्गत स्कूल/कालेज/बीट/गांव आदि में जाकर मिशन शक्ति कार्यक्रम के अन्तर्गत जागरुकता कार्यशाला एवं चौपाल लगाकर बालिकाओं एवं महिलाओं की शिकायतों एवं समस्याओं की सुनवाई की गयी तथा "मिशन शक्ति फेज-05" के सम्बन्ध में सभी बालिकाओं/महिलाओं को जागरूक किया गया, उनकी समस्याओं को सुनते हुए उन्हें मनचलों, अराजक तत्वों से निपटने तथा आत्मरक्षा करने के लिए आवश्यक आत्मरक्षात्मक गुण सिखाये गये इसके साथ ही उन्हें उत्तर प्रदेश पुलिस एव शासन द्वारा बालिकाओं/महिलाओं की सुरक्षा एवं सहायता हेतु संचालित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों जैसे- 1090-वुमेन पॉवर लाइन, 181-महिला हेल्प लाइन, 108-एम्बुलेंस सेवा, 1076–मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112-पुलिस आपातकालीन सेवा, 1098-चाइल्ड लाइन, 102-स्वास्थ्य सेवा, साइबर हेल्पलाइन 1930 तथा थानों पर स्थापित महिला हेल्प डेस्क के बारे में विस्तृत जानकारी के साथ-साथ महिला सशक्तिकरण से संबंधित उ0प्र0 शासन की विभिन्न योजनाओं व प्राथमिकताओ के सम्बन्ध में पंपलेट वितरित कर जागरूक किया गया।








## पुलिस अधीक्षक महोबा श्री पलाश बंसल द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन महोबा में 'भारत रत्न' देश के पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी की 100वीं जयंती मनाई गयी।

आज दिनांक 25.12.2024 को पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजयेपी जी के जयंती के अवसर पर पुलिस अधीक्षक महोबा श्री पलाश बंसल द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन महोबा में पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजयेपी जी के तस्वीर का माल्यार्पण किया गया तत्पश्चात दीप प्रज्वलित किया गया तथा गार्द द्वारा सलामी दी गयी।

पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा उपस्थित समस्त पुलिसकर्मियों को पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजयेपी जी के जीवन परिचय व उनकी रचनाओं के सम्बन्ध में बताया गया। महोदय द्वारा राष्ट्रीय एकता व अखंडता के विचारों पर प्रकाश डाला गया तथा बताया किया गया कि सभी का कर्तव्य है कि भेदभाव की दुर्भावना को पास न भटकने दें, सभी धर्म एवं संप्रदाय के लोग भारत के नागरिक हैं और उनमें पारस्परिक सद्भाव एवं एकता से ही राष्ट्र उन्नति कर सकता है।

इसी क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वंदना सिंह द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय महोबा में, क्षेत्राधिकारी चरखारी श्री रविकान्त गोंड द्वारा थाना चरखारी में, क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ श्रीमती हर्षिता गंगवार द्वारा थाना कुलपहाड़ में दीप प्रज्वलित कर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया एवं उनके आदर्शों और राष्ट्रनिर्माण में योगदान को याद करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की गयी।











# महोबा पुलिस

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 25.12.2024

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा जनपद महोबा में उत्तर प्रदेश पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा- 2023 की लिखित परीक्षा के अगले चरण के लिए होने वाली DV/PST परीक्षण प्रक्रिया के दृष्टिगत पुलिस लाइन महोबा का किया गया भ्रमण, समस्त व्यवस्थाओं का अवलोकन कर सभी कार्यवाहियां समय से पूर्ण किये जाने के दिए गए निर्देश-

आज दिनांक- 25.12.2024 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल द्वारा उत्तर प्रदेश पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा- 2023 की लिखित परीक्षा के अगले चरण के लिए अर्ह अभ्यर्थियों की दिनांक- 26.12.2024 से होने वाली DV/PST परीक्षण प्रक्रिया को सुचितापूर्ण एवं निष्पक्षता पूर्ण ढंग से निर्विघ्न वातावरण में सकुशल सम्पन्न कराये जाने के दृष्टिगत रिजर्व पुलिस लाइन पहुंच कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया।

इस दौरान पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा उ.प्र. पुलिस भर्ती के तहत होने वाली DV/PST परीक्षण प्रक्रिया के लिए बनाये जा रहे होल्डिंग एरिया, नोटिस बोर्ड, भर्ती से सम्बन्धित स्टैण्डर्ड मानक बोर्ड लगाये जाने, सुरक्षा के दृष्टिगत प्रवेश एवं निकास द्वार में सीसीटीवी कैमरों को स्थापित किये जाने, कण्ट्रोल रुप की स्थापना किये जाने सहित अभ्यर्थियों को प्रदान की जाने वाली मूलभूत सुविधाओं जैसे उनके बैठने, पीने का पानी, शौचालय इत्यादि व्यवस्थाओं को समय से पूरा किये जाने के निर्देश दिए गये हैं, जिससे उक्त DV/PST परीक्षण प्रक्रिया को सुचितापूर्ण एवं निष्पक्षता पूर्ण ढंग से निर्विघ्न वातावरण में सकुशल सम्पन्न करायी जा सके।

पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन के सभागार कक्ष ड्यूटी में लगे अधिकारी/कर्मचारीगण को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह, क्षेत्राधिकारी नगर श्री दीपक दुबे, प्रतिसार निरीक्षक श्री शिवकुमार, पीआरओ श्री अरविन्द सिंह गौर, भर्ती बोर्ड एवं संचालन सिमित के सदस्य सहित अन्य अधि. मौजूद रहे।





## थाना अजनर की पुलिस टीम ने 01 नफर वांछित अभियुक्त को अवैध तमंचा व जिन्दा कारतूस के साथ किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद महोबा में अपराध की रोकथाम हेतु आपराधिक घटनाओं में संलिप्त वांछित एवं वारण्टी अभियुक्तों की चेकिंग एवं उनकी गिरफ्तारी/बरामदगी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक, श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ श्रीमती हर्षिता गंगवार के निकट पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी व0उ0नि0 मलखान सिंह के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0स0 299/2024 धारा 115(2)/351(3)/352/288 बी0एन0एस0 से सम्बन्धित 01 नफर वांछित अभियुक्त राहुल पुत्र महेश राजपूत उम्र करीब 27 वर्ष निवासी ग्राम पुरवा पनवाडी थाना अजनर जनपद महोबा को ग्राम पुरवा पनवाड़ी के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। जिसके कब्जे से मुकदमा उपरोक्त में की गयी हवाई फायरिंग में प्रयुक्त 01 अदद देशी तमंचा 315 बोर व 01 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर नाजायज बरामद की गई। अभियुक्त के कब्जे से हुई अवैध शस्त्र की बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 300/2024 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया। बाद आवश्यक कार्यवाही अभियुक्त उपरोक्त को मा0 न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

### गिरफ्तारी अभियुक्त-

राहुल पुत्र महेश राजपूत उम्र करीब 27 वर्ष निवासी ग्राम पुरवा पनवाडी थाना अजनर जनपद महोबा

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1. व0उ0नि0 मलखान सिंह
2. उ0नि0 सुरेश कुमार सचान
3. का0 प्रताप विक्रम सिंह

